तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज राजस्व अपील संख्या 81/2016 बिड़दाराम बनाम शंकरराम वगैरा
29.12.2017	पत्रावली आज पेश हुई। पत्रावली का अवलोकन किया गया अपीलार्थी ने अपील अतंर्गत धारा 75 राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 के तहत विरूद्ध आदेश दिनांक 23.06.2016 राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार 2016 में पारित किया गया के विरूद्ध पेश की है। उक्त प्रकरण में अपील सुनवाई की कार्यवाही के दौरान अपीलान्ट बिड़दाराम पुत्र शिवनाथराम जाति मेघवाल निवासी आनन्द नगर (फतेहगढ़) देचू तहसील शेरगढ़ जिला जोधपुर ने एक प्रार्थना-पत्र अतर्गत आदेश 23 नियम 1 सीपीसी बाबत अपील विड्रोल करने का पेश किया उक्त प्रार्थना पत्र में अपीलान्ट ने यह जाहिर किया कि अपीलान्ट व रेस्पोडेन्ट के मध्य लोक अदालत की भावना से गांव के मौजीज व्यक्तियों की समझाईश से राजीनामा हो गया है अतः उक्त अपील को अब चलाना नहीं चाहता। अपीलान्ट व रेस्पोडेन्ट दोनों भाई है। अतः अपील अपीलान्ट जरिये विड्रोल करने का निवेदन किया है। अपीलान्ट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र 23.01.2017 पर अपीलान्ट व रेस्पोडेन्ट शंकरराम के हस्ताक्षर है। अपीलान्ट बिड़दाराम की पहचान अधिवक्ता मेघराज जोशी ने की है। रेस्पोडेन्ट की तरफ से दिनांक 23.03.2017 को No Objection अंकित किया गया। अतः अपील अपीलान्ट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र अतंर्गत आदेश 23 नियम 1 सीपीसी का स्वीकार किया जाकर अपीलान्ट व रेस्पोडेन्ट के मध्य आपसी राजीनामा हो जाने के कारण उक्त अपील अपीलान्ट चलाना नहीं चाहता है अतः अपील अपीलान्ट जरिये विड्रोल खारिज की जाती है।